प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 25.06.2026

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद ।

दिनांक 22.06.2026 को थाना लोनी बॉर्डर पर वादी द्वारा तहरीर दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटरसाइकिल चोरी कर ले जाना । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लोनी बॉर्डर पर तत्काल सुसंगत धारा-303(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया ।

तत्पश्चात आज दिनांक 25.06.2026 को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, मैनुअल इनपुट, सर्विलांस के आधार पर उपरोक्त चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तों 1. प्रशान्त चौहान उर्फ शक्ति उर्फ सन्नी उर्फ अक्की पुत्र स्व0 आनन्द हाल निवासी ग्राम देवला मौहल्ला पंक्षी विहार थाना सूरजपुर ग्रेटर नोएडा मूल निवासी ग्राम हाथिन थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र करीब 34 वर्ष 2. सौनस सिंह उर्फ सोनू पुत्र अरविन्द सिंह हाल निवासी ग्राम देवला मौहल्ला पंक्षी विहार थाना सूरजपुर ग्रेटर नोएडा मूल निवासी ग्राम हरक नवलपुर थाना पाण्डेयपुर जनपद वाराणासी उम्र करीब 30 वर्ष को थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद हुई । उक्त बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा-317(2)/317(5)/3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूछताछ का विवरण–

अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 19/06/2026 को हमने यह मोटरसाइकिल गोपाल हॉस्पीटल के सामने से मौका पाकर चोरी की थी । आज हम इस मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में निकले थे कि पुलिस चेकिंग में पकडे गये ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता–

1. प्रशान्त चौहान उर्फ शक्ति उर्फ सन्नी उर्फ अक्की पुत्र स्व0 आनन्द हाल निवासी ग्राम देवला मौहल्ला पंक्षी विहार थाना सूरजपुर ग्रेटर नोएडा मूल निवासी ग्राम हाथिन थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र करीब 34 वर्ष ।
2. सौनस सिंह उर्फ सोनू पुत्र अरविन्द सिंह हाल निवासी ग्राम देवला मौहल्ला पंक्षी विहार थाना सूरजपुर ग्रेटर नोएडा मूल निवासी ग्राम हरक नवलपुर थाना पाण्डेयपुर जनपद वाराणासी उम्र करीब 30 वर्ष ।

वांछित अभियुक्त का नाम व पता –

राहुल उम्र करीब 29 वर्ष

बरामदगी का विवरण -

कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद ।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग

अभियुक्तगण के विरूद्ध उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में थाना लोनी बॉर्डर पर 01 अभियोग पंजीकृत है तथा अभियुक्त प्रशान्त उर्फ शक्ति के विरूद्ध थाना सैक्टर -39 गौतमबुद्धनगर में चोरी के 04 अभियोग, थाना ईकोटेक पर चोरी के 04 अभियोग पंजीकृत हैं। (कुल अभियोग-09)

अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम।